


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़,बुधवार,02 जुलाई 2025 Follow us on:/ planetnewsindia@gmail.com


## पांच देशों की यात्रा पर मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को पांच देशों की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। वह दो से नौ जुलाई तक घाना, त्रिनिदाद-टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान छह और सात जुलाई को ब्राजील में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इससे वैश्विक दक्षिण के देशों से भारत के संबंधों को नया आयाम मिलने की उम्मीद है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया सहित पांच देशों की यात्रा पर रवाना हुए। प्रधानमंत्री मोदी ब्राजील में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे।



## निकास द्वार से वीआईपी एंट्री, आमजन के लिए सिर्फ एक गेट



ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान हुई भगदड़ को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि जब यह हादसा हुआ उस वक्त मौके पर एक भी पुलिसकर्मी नहीं था। इतना ही नहीं एंबुलेंस भी एक किमी दूर खड़ी थी।ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान हुई भगदड़ को लेकर कई खुलासे हो रहे हैं। उत्सव के दौरान आम श्रद्धालुओं के प्रवेश और बाहर निकलने के लिए एक ही गेट खुला था। जबकि एग्जिट गेट को बंद कर दिया गया था और इसी से वीआईपी एंट्री कराई जा रही थी ।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आम भक्तों के प्रवेश और निकास के लिए कोई अलग रास्ता नहीं था। एक ही गेट से आवाजाही हो रही थी। हालात काबू से बाहर हुए तो पुलिस स्थिति को नियंत्रित नहीं कर पाई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा, घटनास्थल पर कोई पुलिसकर्मी नजर नहीं आया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रात से ही मंदिर के पास अव्यवस्था हावी थी। श्रद्धालु जिस पॉलीथिन पर बैठे थे, बारिश में उस पर फिसलन हो गई, जिससे लोग गिरते चले गए। इसी दौरान वहां घुसे पूजा सामग्री से लदे दो ट्रकों से कई भक्त टकराकर गिर पड़े। घटना स्थल पर मौजूद एक व्यक्ति ने बताया कि एंबुलेंस

## कौन हैं नासा के भारतीय मूल

अनिल मेनन के माता-पिता भारतीय और यूक्रेनी मूल के हैं। मेनन के पास हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से न्यूरोबायोलॉजी की डिग्री है। उन्होंने कैलिफोर्निया की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से मैकेनिकल इंजीनियर और मेडिकल की भी डिग्री हासिल की है।नासा के भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन का नाम अंतरराष्ट्रीय स्पेस जाने वाले क्रू में तय हो गया है। अनिल मेनन एक फ्लाइट इंजीनियर हैं और वे एक्सपीडिशन 75 क्रू के सदस्य होंगे। नासा ने आधिकारिक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। नासा के अनुसार, मेनन रोस्कोमोस सोयूज एमएस-29 अंतरिक्षयान में सवार होकर जून 2026 में अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के





लिए रवाना होंगे। अनिल मेनन के साथ आईएसएस जाने वाले अन्य अंतरिक्ष यात्री रोस्कोमोस के अंतरिक्ष यात्री योत्र डुबरोव और एना किकिना होंगे। रोस्कोमोस सोयूज एमएस-29 अंतरिक्षयान कजाखस्तान के बाइकोनुर कॉस्मोड्रोम से उड़ान भरेगा और यह मिशन करीब आठ महीने का होगा। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अनिल मेनन कई वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे, जिनकी मदद से इंसानों को भविष्य के अंतरिक्ष मिशन में फायदा मिले।

## हिमाचल प्रदेश में एक ही रात 17 जगह बादल फटे

### 18 लोगों की मौत, 34 लापता, 332 किए रेस्क्यू




रात प्रकृति ने ऐसा ताडंव मचाया कि कई जिंदगियां लील ली। इस रात 17 जगह बादल फटे। जिला मंडी में 16 लोगों समेत पूरे प्रदेश में 18 की जान चली गई है। पढ़ें पूरी खबर...हिमाचल प्रदेश में सोमवार रात को 17 जगह बादल फटे हैं। मंडी जिले में 15, जबकि कुल्लू और किन्नौर जिले में एक-एक जगह बादल फटा है। मंडी जिले में बारिश, बादल फटने और ब्यास नदी व नालों के रौद्र रूप से भारी तबाही हुई है। मंडी में 16 लोगों समेत पूरे प्रदेश में 18 की जान चली गई है। 33 लोग अभी लापता हैं। दर्जनों लोग घायल हो गए हैं। 332 लोगों को जगह-जगह से रेस्क्यू कर उनकी जान बचाई गई है। अकेले मंडी जिले में 24 घर और 12 गोशालाएं जमींदोज हो गई हैं। 30 पशुओं की मौत हो गई है। कुकलाह के समीप पटीकरी प्रोजेक्ट बह गया है। कई पुल ध्वस्त हो गए हैं।थुनाग उपमंडल में कुकलाह में भी रात को बादल फटने से आई बाढ़ में करीब आठ घरों के साथ 24 लोग बह गए। मंगलवार शाम को 9 शव मिले हैं, जबकि 21 लोग लापता है। गोहर उपमंडल के स्यांज में सोमवार रात को बादल फटने से नौ लोगों के साथ दो घर बह गए। इनमें दो के शव मिले हैं। बाड़ा में एक घर के ढहने से छह लोग दब गए। इनमें से चार को रेस्क्यू कर लिया गया, जबकि दो के शव बरामद हुए हैं। बस्सी में फंसे दो लोगों को रेस्क्यू किया गया, जबकि परवाड़ा में मकान बहने के कारण एक ही परिवार के दो सदस्य लापता हैं। एक शव बरामद कर लिया गया है। करसोग में बादल फटने से पुराना बाजार नेगली पुल से चार लोग लापता हैं, जबकि एक शव बरामद कर लिया गया है। यहां छह घरों को नुकसान पहुंचा है।

## कुख्यात बदमाश ललित नेपाली का एनकाउंटर

दिल्ली के सराय काले खान बस अड्डे के पास साउथ ईस्ट एसटीएफ और सनलाइट कॉलोनी थाना पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में एक कुख्यात बदमाश ललित नेपाली के साथ मुठभेड़ हुईदिल्ली पुलिस और एसटीएफ की टीम ने एक कुख्यात बदमाश ललित नेपाली का एनकाउंटर कर दिया। मुठभेड़ में बदमाश ललित नेपाली घायल हो गया। फिलहाल उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ में लाजपत नगर के एसीपी बुलेटप्रुफ जैकेट के कारण बाल-बाल बच गए। ललित दो दर्जन से अधिक वारदातों में शामिल था।दिल्ली पुलिस के मुताबिक, साउथ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट एसटीएफ और सनलाइट कॉलोनी थाने की संयुक्त कार्रवाई में सराय काले खां बस स्टैंड के पास वांछित अपराधी ललित के साथ मुठभेड़ हुई। करीब दो दर्जन अपराधों में शामिल और कई मामलों में कोर्ट द्वारा भगोड़ा घोषित ललित मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल हो गया। एसीपी लाजपत नगर अपनी बुलेटप्रूफ जैकेट की वजह से मुठभेड़ में बाल-बाल बच गए। ललित को साकेत थाने में एक मुकदमे में आरोपी को 14 साल की जेल भी हो चुकी थी। पुलिस ने एनकाउंटर के बाद आरोपी के पास से एक सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।पुलिस ने एनकाउंटर के बाद आरोपी के पास से एक सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।





# Aaj Ka Rashifal 02 July

## कन्या, तुला और धनु राशि वालों को मिलेगा भाग्य का साथ, पढ़ें आज का राशिफल



02 July Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 02 जुलाई 2025 का राशिफल। आज बुधवार, 02 जुलाई है। वैदिक पंचांग के अनुसार आज आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि है

### मेष
आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आप अपने मन में किसी के प्रति ईर्ष्या की भावना ना रखें। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। वाहनों का प्रयोग आपको थोड़ा सावधान रहकर करना होगा। आप कार्यक्षेत्र में अपने बॉस की दी गई जिम्मेदारियां पर पूरा ध्यान दें। आपको किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। आपके मन में किसी काम को लेकर कश्मकश बनी रहेगी।

### वृषभ
आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपका कोई पुराना मित्र लंबे समय बाद आपसे मेल-मुलाकात करने आ सकता है। आप अपने बिजनेस में पार्टनरशिप थोड़ा सोच समझकर करें, लेकिन जल्दबाजी में कोई डिसीजन ना लें। आप अपने घर के लिए कुछ चीजों की शॉपिंग कर सकते हैं। जीवनसाथी को कहीं घूमाने-फिराने लेकर जा सकते हैं। आपको पेट संबंधित समस्याओं पर पूरा ध्यान देना होगा, इसलिए खानपान पर थोड़ा संयम रखें।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। भाई बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। यदि आपको किसी काम को लेकर संशय हो, तो आप उस काम में बिल्कुल आगे ना पड़ें। आपका कोई कानूनी मामला आपके लिए सिरदर्द बन सकता है। कार्यक्षेत्र में आपके विरोधी आपके कामों को बिगाड़ने की कोशिश करेंगे, जिनसे आपको बचना होगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए अकस्मात धन लाभ लेकर आने वाला है। आपको अपने धन को लेकर कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर हो सकती है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपको अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाने की आवश्यकता है। संतान ने यदि किसी परीक्षा को दिया था, तो उसका परिणाम आ सकते हैं। आप किसी काम को लेकर थोड़ा समझदारी दिखाएं। आपका कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। नौकरी को लेकर परेशान चल रहे लोगों को अच्छी सफलता मिल सकती है। मित्रों के साथ आपको कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। परिवार में आपको सदस्यों में एकजुटता बनाए रखना होगी। आप कहीं घूमने फिरने जाएं, उसमें माता-पिता से आशीर्वाद अवश्य लेकर जाएं। आप अपने बिजनेस में थोड़ा सोच समझकर भी धन लगाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा, नहीं तो बाद में कोई नुकसान हो सकता है।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा, लेकिन सेहत को लेकर आपको कुछ जरूरी टेस्ट आदि कराने पड़ सकते हैं। आप किसी बात को लेकर थोड़ा टेंशन ले सकते हैं, लेकिन आपको अपनी संतान से किए हुए वादे को पूरा करना होगा, नहीं तो वह आपसे नाराज हो सकते है। आपका किसी नए घर आदि को खरीदने का सपना पूरा हो सकता है। आप धन को लेकर किसी से कोई वादा ना करें।

### तुला
आज का दिन आपके लिए कुछ नई योजनाओं को बनाने के लिए रहेगा। आप अपने बिजनेस में योजनाओं को लेकर काम करेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। परिवार में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। भाई व बहनों से रिश्तों में यदि कड़वाहट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी, लेकिन आप अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले। प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। नौकरी में आपको प्रमोशन मिलने की संभावना है।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से कामों को करने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों में एकाग्र होकर जुटने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में अच्छी सफलता मिलेगी। आपका किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें अपने प्रयासों में तेजी लानी होगी। यदि कोई पैतृक संपत्ति को लेकर मतभेद चल रहा था, तो वह भी दूर हो सकता है। आपको जीवनसाथी के लिए किसी सरप्राइज पार्टी का प्लान कर सकते हैं।

### धनु
आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी काम को लेकर अच्छा खासा खर्च कर सकते हैं। आप अपने घर के रिनोवेशन का भी काम शुरू कर सकते हैं। आपकी किसी बात से परिवार में कहासुनी हो सकती है। आप किसी वरिष्ठ सदस्य से काम को लेकर कोई सलाह लें, तो आप उस पर अमल अवश्य करें, लेकिन आपका कोई मित्र आपके लिए इन्वेस्टमेंट संबंधित प्लान लेकर आ सकता है, जिसमें आप थोड़ा सोच समझकर ही इन्वेस्टमेंट करें, तो ही बेहतर रहेगा।

### मकर
आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है आपको काम के लिए कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। आपका कोई नया काम करने की इच्छा जागृत हो सकती हैं। आपके घर मेहमानों का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको आज कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपकी कोई प्रॉपर्टी को लेकर डील हुई थी तो उसके भी फाइनल होने की संभावना है। जीवनसाथी से आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर आप विदेश यात्रा पर जाना पड़ सकता है। बिजनेस में आप कोई निर्णय जल्दबाजी में ले सकते हैं जो आपकी टेंशन को बढ़ाएगा। आपको अपने काम को लेकर मनमर्जी चलाने से बचना होगा और किसी बाहरी व्यक्ति से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। बैंकिंग क्षेत्र में कार्यरत लोग किसी अच्छी स्कीम में धन लगा सकते हैं। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से थोड़ी सावधानी रखनी होगी।

### मीन
आज का दिन आपके लिए समस्याएं लेकर आने वाला है। आपके घर में मनमुटाव बढ़ेंगे, जिससे सदस्यों के बीच कड़वाहट उत्पन्न हो सकती है और दूरियां आने की संभावना है। आपके ऊपर कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी आ सकती है। आपको अपने माता-पिता से पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत करनी होगी। जीवनसाथी की नौकरी से संबंधित किसी समस्या को लेकर यदि परेशान थे, तो वह दूर होती दिख रही है। आपको अपनी संतान के करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना होगा।

आज बुधवार, 02 जुलाई है। वैदिक पंचांग के अनुसार आज आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि है। आज के दिन कई तरह के शुभ योग का निर्माण हुआ है जिसके चलते कई राशि वालों की किस्मत में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। आज के दिन कुछ राशि वालों को अचानक से धन की प्राप्ति हो सकती है, कुछ लोगों की नई योजना सही दिशा में होगी। कुछ राशि वालों को संतान की तरफ से कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। लाभ के मौकों में वृद्धि होगी और वहीं कुछ को आज के दिन थोड़ी परेशानियों से भी गुजरना पड़ सकता है। आइए दैनिक राशिफल में जानते हैं मेष से लेकर मीन राशि वालों के लिए 02 जुलाई का दिन कैसा रहेगा।राशिफल को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है।आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार,

# यूपी: प्रदेश की राजधानी

**प्रदेश की राजधानी के इन इलाकों की जमीन सबसे महंगी, सड़के निकलने के बाद बढ़ी प्रॉपर्टी की कीमतें** Lucknow Property Rate:लखनऊ की ऐसी बहुत सारी सड़के हैं जिनके आसपास का इलाका बहुत महंगा है। शहीद पथ, किसान पथ और गोमती नगर शहर के सबसे महंगे इलाकों में से एक हैं।



राजधानी की 77 ऐसी सड़कें हैं जिनके आसपास जमीन के सर्किल रेट तय किए गए हैं। इसमें गोमतीनगर के विराजखंड और विभूतिखंड की दो ऐसी सड़कें हैं जिनके दोनों तरफ के इलाके का सबसे अधिक 70 हजार प्रति वर्ग मीटर सर्किल रेट तय किया गया है।इसमें विराजखंड रोड फ्लाईओवर के नीचे विभूतिखंड के मंत्री आवास होते हुए वन अवध माल होते हुए बैंक ऑफ इंडिया लोहिया पथ तक और विभूतिखंड पुलिस चौकी से हयात रीजेंसी होटल होहुए पिकअप भवन के चौराहे तक के मार्ग के दोनों तरफ पड़ने वाले राजस्व ग्राम व मोहल्ले का सर्किल रेट सत्तर हजार किया गया है। वहीं गोमतीनगर में आंबेडकर चौराहा से दयाल पैराडाइज होते हुए हुसड़िया चौराहे तक व विशालखंड सीएमएस स्कूल चौराहे से मनोज पांडेय चौराहे होते हुए हुसड़िया चौराहे से सहारा हॉस्पिटल से रेलवे लाइन तक व लखनऊ फैजाबाद रोड पर पॉलिटेक्निक चौराहे से बाराबंकी चौराहे तक के मार्ग का सर्किल रेट 66 हजार तय किया गया है। ये चार सड़कें सबसे बेशकीमती हैं।

# अब जमीन, मकान, दुकान खरीदना होगा

और महंगा, प्रशासन ने 10 वर्ष के बाद जारी किया नया डीएम सर्किल रेट प्रशासन ने 10 वर्ष के बाद नया डीएम सर्किल रेट जारी कर दिया है। इसके बाद से जमीन, मकान और दुकान खरीदना और महंगा हो जाएगा। ये रेट एक अगस्त से लागू किए जाएंगे।राजधानी लखनऊ में अब जमीन, मकान, दुकान



दुकान खरीदना और महंगा हो जाएगा। 10 वर्ष बाद प्रस्तावित नया डीएम सर्किल रेट जारी किया गया है। आपत्तियां दूर करने के बाद एक अगस्त से इसको लागू किया जाएगा। नये डीएम सर्किल रेट में कृषि भूमि पर 15, व्यावसायिक पर 25 और बहुमंजिला भवनों पर 20 फीसदी तक की बढ़ोतरी की गई है। दुकान, कार्यालय व गोदाम पर औसतन 20 फीसदी की वृद्धि की गई है।इससे पहले 2015 में जब नया सर्किल कृषि भूमि पर 15, व्यावसायिक पर 25 और बहुमंजिला भवनों में 20 फीसदी तक बढ़ोतरी रेट तय किया गया था, उस दौरान कुछ ऐसे स्थान थे, जहां दुकान, कार्यालय व गोदाम के रेट कम थे। इसे विसंगति मानते हुए इस बार दूर किया गया है। ऐसी जगहों के रेट 40 फीसदी तक बढ़ाए गए हैं। अब इनमें समानता हो गई है।

ये अहम बदलाव: गैर कृषि भूखंड व भवन, जिसकी चौहद्दी में यदि कोई व्यवसायिक गतिविधि है, तो ऐसे भूखंडों व भवनों की दर निर्धारित करने के बाद 20 फीसदी मूल्य बढ़ाया जाएगा। इसका मतलब है कि यदि किसी गैर कृषि भूखंड के अगल-बगल दुकान, गोदाम आदि है तो खरीदार को 20 फीसदी अधिक मूल्य देना होगा। यदि कोई इसे बेचेगा तो भूमि का मूल्यांकन निर्धारित गैर कृषि दर से 50 फीसदी बढ़ाकर किया जाएगा। कृषि भूमि में फलदार व बिना फलदार वृक्ष की वर्तमान दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। जो दर पहले थी, वही लागू रहेगी।जो दरें प्रस्तावित की गई हैं उससे संबंधित सुझाव और आपत्तियां दो से 17 जुलाई के बीच सुबह 10 से पांच बजे तक सभी उप निबंधक कार्यालयों, सहायक महानिरीक्षक निबंधन के कार्यालय में दी जा सकती है। इसके अलावा aiglko01@gmail.com, aiglko02@gmail.com पर भी ई-मेल कर सकते हैं। निस्तारण 27 जुलाई तक होगा।

# काम पाने के लिए पहनी 60 हजार रुपए के किराए

बॉलीवुड में डिजाइनर आउटफिट्स का ट्रेंड है। अक्सर एक्टर-एक्ट्रेस डिजाइनर आउटफिट में ही इवेंट्स में पहुंचते हैं। अब इन डिजाइनर आउटफिट्स और पीआर गेम को लेकर विक्रांत मैसी ने बड़ा खुलासा किया है।अभिनेता विक्रांत मैसी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। एक्टर फिल्म के प्रमोशन में जुटे हुए हैं। इस दौरान एक्टर ने अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि वो पीआर में भी काफी पैसा खर्च कर चुके हैं। साथ ही उन्होंने डिजाइनर कपड़ों के महंगे रेंट को लेकर भी बात की।एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती के पोडकॉस्ट में पहुंचे विक्रांत मैसी ने पीआर को लेकर बात करते हुए ये स्वीकार किया कि मैंने पीआर करने की कोशिश की है और महंगे डिजाइनर कपड़े भी पहने हैं। अभिनेता ने कहा, "ऐसा नहीं है कि मैंने पीआर की




कोशिश नहीं की, मैंने 4-5 महीने तक कोशिश की। मैंने पार्टियों में जाना शुरू किया, मैंने कपड़े किराए पर लेना शुरू किया, जो बहुत महंगे हैं। उन कपड़ों को एक बार पहनने में ही बहुत पैसे खर्च होते हैं। अपने शुरुआती दिनों में मैंने लाइमलाइट में आने के काफी मेहनत की और बहुत पैसा भी खर्च किया। क्योंकि मुझे लगता था कि बॉलीवुड में काम पाने के लिए यही एक तरीका है।"विक्रांत ने बताया कि डिजाइनर कपड़े काफी महंगे होते थे। एक किराए के डिजाइनर आउटफिट की कीमत उन्हें लगभग 50 से 60 हजार रुपये पड़ती थी। वह भी केवल एक बार के लिए। एक पुराने वाकये का जिक्र करते हुए एक्टर ने कहा कि मेरी पत्नी जो उस समय मेरी गर्लफ्रेंड थीं।

# Hera Pheri 3: परेश रावल की 'हेरा फेरी 3' में वापसी पर बोले सुनील शेट्टी, कहा- 'फाइन-ट्यूनिंग हो चुकी है...'



परेश रावल के 'हेरा फेरी 3' में वापस आने से फैंस काफी खुश हैं और अब फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब सुनील शेट्टी ने इसको लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है।दर्शक बहुत ही बेसब्री से 'हेरा फेरी 3' का इंतजार कर रहे हैं। पिछले कुछ वक्त से फिल्म लगातार चर्चा में भी बनी हुई है। हालांकि, बीच में दर्शकों को तब निराशा हाथ लगी जब परेश रावल ने फिल्म से खुद को बाहर कर लिया। इसके बाद उनके और अक्षय कुमार के बीच लीगल एक्शन से लेकर काफी कुछ हुआ। लेकिन अब जब परेश रावल ने फिर से फिल्म में वापसी की पुष्टि की है। तब से फैंस एक बार फिर राजू, बाबू भैया और श्याम की तिकड़ी के रूप में अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी को देखने के लिए बेताब हैं। अब श्याम यानी कि सुनील शेट्टी ने परेश रावल के फिल्म में फिर से वापसी को लेकर बात की और अपनी प्रतिक्रिया दी है। साईं सफर यूट्यूब चैनल से बातचीत के दौरान सुनील शेट्टी ने परेश रावल के 'हेरा फेरी 3' में फिर से वापस आने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मैं भी सुन रहा हूं कि फाइन-ट्यूनिंग हो चुकी है। अब रिलीज के बाद ही इस पर बात करूंगा। उससे पहले हेरा फेरी के बारे में बात ही नहीं करूंगा। फिल्म के बारे में बताते हुए एक्टर ने कहा



# सोनम कपूर ने 12 इंच लंबे बालों का किया दान




**Sonam Kapoor Donates Her Hair: हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर ने एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उन्हें अपने बालों को दान करते देखा जा सकता है। इसके लिए उन्होंने अपने पिता अनिल कपूर का धन्यवाद किया।** अभिनेत्री सोनम कपूर अक्सर सोशल मीडिया पर किसी ना किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। इस बार एक्ट्रेस ने अपने बालों को कटवाया है और एक अनोखा कदम उठाते हुए उन बालों को दान किया, जिस कारण से उनकी तारीफ हो रही है।

अभिनेत्री ने अपने लंबे बालों के लिए पिता अनिल कपूर का शुक्रिया अदा किया, जिसका वीडियो भी उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा किया। आइए जानते हैं पूरी बात। सोमवार को सोनम कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्हें सैलून में अपने बालों को छोटा करवाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में उन्हें मुस्कुराते हुए देखा जा रहा है। इस पोस्ट को शेयर करते अभिनेत्री ने बताया, 'मैंने अपने 12 इंच बाल कटवाए हैं। शायद वीडियो में यह छोटा लगे, लेकिन यह सच में एक फुट लंबा है।' इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मैंने अपने बालों को 12 इंच छोटा करवाने और दान करने का निर्णय लिया है। इतने खूबसूरत जींस के लिए धन्यवाद अनिल कपूर।'इस वीडियो के सामने आते ही नेटिजंस की ढेर सारी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं, अभिनेत्री की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने कहा, 'सोनम, आपका नया हेयरकट आप पर बिल्कुल शानदार लग रहा है।' वहीं दूसरे यूजर ने लिखा कि बहुत ही सुंदर बाल। एक और यूजर ने बोला कि उन्होंने इतना बड़ा त्याग करते हुए अपना बाल दान किया,

# OTT Releases






**OTT RELEASES THIS WEEKEND: ओटीटी पर इस वीकेंड एक से बढ़कर एक फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं। कपिल शर्मा के शो से लेकर मुनव्वर फारूकी की फर्स्ट कॉपी तक, चलिए पूरी लिस्ट के बारे में आपको बताते हैं।** जून का तीसरा हफ्ता ओटीटी प्रेमियों के लिए जबरदस्त कंटेंट लेकर आया है। इस हफ्ते रोमांच, थ्रिलर, सस्पेंस और कॉमेडी का शानदार मेल देखने को मिलेगा। चाहे आप एक्शन के दीवाने हों या कॉमेडी से दिन बनाना चाहते हों, इस बार ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर हर मूड का मसाला मौजूद है। नेटफ्लिक्स, जी5, एमएक्स प्लेयर और जियो सिनेमा जैसे प्लेटफॉर्म्स पर इस हफ्ते कई दमदार रिलीज हुई हैं, जिनमें से कुछ का इंतजार लंबे वक्त से हो रहा था।इमरान हाशमी स्टारर 'ग्राउंड जीरो' सिनेमाघरों में रिलीज के बाद अब ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर आ चुकी है। ये फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है और इसमें सेना के एक जवान की कहानी दिखाई गई है जो दुश्मनों के बीच अपने साहस और कर्तव्यनिष्ठा से एक बड़ी लड़ाई लड़ता है। जो लोग इसे बड़े पर्दे पर मिस कर चुके थे, उनके लिए यह एक बेहतरीन मौका है घर बैठे एक जबरदस्त थ्रिलर का मजा लेने का



# मंडे टेस्ट में फेल हुई 'कुबेर'




Dhanush Rashmika Mandanna Nagarjuna Movie: साउथ एक्टर धनुष की फिल्म 'कुबेर' की रिलीज को आज पूरे चार दिन हो चुके हैं। जानिए धनुष-रश्मिका मंदाना की फिल्म के चौथे दिन का कलेक्शन।फिल्म 'कुबेर' 20 जून, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म को आज रिलीज हुए पूरे चार दिन हो चुके हैं। फिल्म में रश्मिका मंदाना, धनुष और नागार्जुन ने मुख्य भूमिका निभाई है। जानिए फिल्म के चौथे दिन का कलेक्शन...sacnilk डॉट कॉम के अनुसार, साउथ फिल्म 'कुबेर' ने पहले दिन शुक्रवार को 14.75 करोड़ रुपये से बॉक्स ऑफिस पर अपना खाता खोला। वहीं फिल्म ने दूसरे दिन शनिवार को 16.5 करोड़ रुपये की कमाई की। 'कुबेर' ने तीसरे दिन रविवार को 17.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया। वहीं आज चौथे दिन सोमवार का कलेक्शन भी सामने आ चुका है।फिल्म 'कुबेर' का आज सोमवार का कलेक्शन भी सामने आ चुका है। फिल्म ने आज चौथे दिन महज 4.38 करोड़ रुपये की कमाई की है, जो कि इस फिल्म की पहले की कमाई से काफी कम है। वहीं फिल्म ने अब तक कुल बॉक्स ऑफिस पर चार दिनों में 52.98 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।धनुष और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'कुबेर' ने पहले वीकएंड पर काफी अच्छी कमाई की है। पहले शनिवार को फिल्म ने 16.5 करोड़ रुपये और पहले रविवार को फिल्म ने 17.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। फिल्म अगर ऐसे ही कमाई करती रही तो बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन कर सकती हैं।फिल्म 'कुबेर' का निर्देशन शेखर कम्मुला ने किया है। इस फिल्म में धनुष, रश्मिका मंदाना और नागार्जुन के अलावा जिम सर्भ और दिलीप ताहिल जैसे सितारे ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था की इंक्रीमेंटल

## ग्रोथ में भारत की हिस्सेदारी 6.7%, अकेले SBI का योगदान 1.1%




भारत ने वित्त वर्ष 25 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धिशील वृद्धि में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया और अकेले भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की वृद्धिशील वृद्धि में 1.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। एसबीआई रिसर्च ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है।भारत ने वित्त वर्ष 25 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धिशील वृद्धि में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया और अकेले भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की वृद्धिशील वृद्धि में 1.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में वैश्विक आर्थिक मोर्चे पर भारत के मजबूत प्रदर्शन पर प्रकाश डाला गया है, जिसने वित्त वर्ष 25 के दौरान वैश्विक जीडीपी में कुल वृद्धि में 297 बिलियन अमरीकी डॉलर जोड़े। इसमें कहा गया है, "वैश्विक स्तर पर, भारत ने वित्त वर्ष 25 में वृद्धिशील वैश्विक जीडीपी में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया"।वित्त वर्ष 25 में विश्व अर्थव्यवस्था में 4,118 बिलियन अमरीकी डॉलर की वृद्धि हुई और इसमें भारत की हिस्सेदारी 297 बिलियन अमरीकी डॉलर थी। इसका मतलब है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में कुल वृद्धि में भारत का योगदान लगभग 7 प्रतिशत था, जो वैश्विक विकास में अग्रणी योगदानकर्ताओं में से एक के रूप में इसके बढ़ते महत्व और ताकत को दर्शाता है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था-वित्तीय प्रणाली

**टैरिफ के झटकों से निपटने में सक्षम; भारत FDI के लिए आकर्षक** आरबीआई की सोमवार को जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की वृद्धि की मुख्य वजह घरेलू मांग में उछाल है, इसलिए यह वैश्विक चुनौतियों से अछूती है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से बढ़ रही है, जो महंगाई में लगातार कमी के साथ व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में मदद कर रही है।




बढ़ते व्यापार, कई देशों के बीच लंबे समय तक चल रहे तनाव और उन्नत देशों के नीतिगत फैसलों से पड़ने वाले प्रभावों से उभरती अर्थव्यवस्थाओं को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। दुनियाभर में जारी अनिश्चित और चुनौतीपूर्ण आर्थिक पृष्ठभूमि के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक विकास का एक प्रमुख चालक बनी हुई है।आरबीआई की सोमवार को जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की वृद्धि की मुख्य वजह घरेलू मांग में उछाल है, इसलिए यह वैश्विक चुनौतियों से अछूती है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से बढ़ रही है, जो महंगाई में लगातार कमी के साथ व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में मदद कर रही है। घरेलू वित्तीय प्रणाली बैंकों और गैर-बैंकिंग कंपनियों की स्वस्थ बैलेंस शीट से मजबूत बनी हुई है।रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय बाजारों में कम अस्थिरता और उदार मौद्रिक नीति से समर्थित वित्तीय स्थितियां आसान हुई हैं।

# Crude Oil

## ईरान-इस्राइल युद्ध में अमेरिका की एंट्री से सहमा कच्चे तेल का बाजार, शेयरों में आई गिरावट




भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है और अपनी जरूरत की आधी प्राकृतिक गैस भी आयात करता है। भारत का कच्चे तेल का 40 प्रतिशत से ज्यादा और प्राकृतिक गैस का आधा हिस्सा पश्चिम एशिया से ही आता है।ईरान इस्राइल युद्ध में अमेरिका की एंट्री से पश्चिम एशिया के हालात बेहद तनावपूर्ण हो गए हैं। इसका सीधा असर दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतों पर हुआ है। सोमवार को विभिन्न तेल कंपनियों के शेयरों में गिरावट देखी गई। तेल कंपनियों के साथ ही कच्चे तेल से जुड़ी अन्य सेक्टर जैसे तेल मार्केटिंग कंपनी, विमानन, पेंट्स और चिपकाने वाले पदार्थ आदि की कंपनियों के शेयरों में भी गिरावट आई है।भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयरों में सोमवार को 1.54 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। साथ ही इंडियन ऑयल कोर्पोरेशन के शेयरों में 1.22 प्रतिशत और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयरों में एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। विमानन कंपनी स्पाइसजेट के शेयर 2.47 प्रतिशत और इंटरग्लोब एविएशन के शेयर 2.24 प्रतिशत गिरे हैं। अमेरिका ने शनिवार देर रात ईरान के तीन प्रमुख परमाणु केंद्रों फोर्डो, नतांज और इस्फहान के ठिकानों पर बमबारी की। इस पर ईरान ने भी बदला लेने की बात कही है। ईरान को दुनिया के कई देशों का भी साथ मिल रहा है, जिनमें रूस और चीन प्रमुख हैं।

# ईरान-इस्राइल तनाव व ऊंची कीमतों के कारण सर्राफा बाजार में बढ़ रही सुस्ती



ईरान-इस्राइल और अमेरिका द्वारा युद्ध में प्रवेश करने और ट्रंप टैरिफ की समय सीमा समाप्त होने जैसे तमाम वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं की वजह से घरेलू शेयर बाजार से लेकर कमोडिटी बाजार और सर्राफा बाजार तक में हलचल दिख रही है। ईरान-इस्राइल युद्ध की वजह से सोने-चांदी की कीमतें अपने उच्च स्तर पर बनी हुईं है। जिसकी वजह से इन धातुओं की खरीदारी के लिए बाजार में ग्राहकों का आना- जाना सीमित है।ईरान-इस्राइल और अमेरिका द्वारा युद्ध में प्रवेश करने और ट्रंप टैरिफ की समय सीमा समाप्त होने जैसे तमाम वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं की वजह से घरेलू शेयर बाजार से लेकर कमोडिटी बाजार और सोने-चांदी तक में हलचल देखने को मिल रही है। ईरान-इस्राइल युद्ध की वजह से सोने-चांदी की कीमतें अपने उच्च स्तर पर बनी हुईं है। जिसकी वजह से सर्राफा बाजार में ग्राहकी नहीं है। उपभोक्ता सोने के गहनों की खरीदारी करने के बजाए पुराने सोने की रिसाइकलिंग कर रहे हैं, यानी पुराने सोने के आभूषण, सिक्के और बार को रिसाइकलिंग कर उसकी जगह नए आभूषण नहीं तो उसके एवज में नकद राशि को अपने पास रख रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अनिश्चितता के इस दौर में लोग सोना और कैश पर अधिक भरोसा कर रहे हैं।

# ब्रेंट क्रूड की कीमतों में तेज गिरावट



से कच्चे तेल के प्रति संवेदनशील शेयरों में उछाल, जानें क्या बदला ब्रेंट क्रूड की कीमतों में नरमी के बाद बीएसई पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड का शेयर 5.26 प्रतिशत, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड का शेयर 4.59 प्रतिशत तथा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन का शेयर 3.89 प्रतिशत चढ़ा। आइए जानते हैं, पश्चिम एशिया में तनाव की स्थिति के बीच भारतीय शेयर बाजार में पेट्रोलियम पदार्थों से जुड़े शेयरों कैसी हलचल है।मध्य पूर्व संघर्ष में संभावित कमी की उम्मीद के बीच ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में तेज सुधार के बाद कच्चे तेल के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों - तेल विपणन कंपनियों, विमानन, पेंट्स और एडहेसिव्स- के शेयरों में मंगलवार सुबह के कारोबार के दौरान खरीदारी दिखी। बीएसई पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड का शेयर 5.26 प्रतिशत, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड का शेयर 4.59 प्रतिशत तथा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन का शेयर 3.89 प्रतिशत चढ़ा।स्पाइसजेट के शेयरों में 5 प्रतिशत तथा इंटरग्लोब एविएशन के शेयरों में 4.15 प्रतिशत की बढ़त हुई। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा, "पश्चिम एशिया में नाटकीय घटनाक्रम,

# Trade: 9 जुलाई से पहले व्यापार




सौदे को अंतिम रूप देने की कोशिश में भारत-अमेरिका, टैरिफ की अब भी लटक रही तलवार भारत और अमेरिका 9 जुलाई से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिका की ओर से लगाए गए 26 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ में छूट खत्म होने से पहले दोनों देश बातचीत में जुटे हैं। व्यापार सौदे में कृषि और डेयरी जैसे क्षेत्र चुनौतीपूर्ण हैं। भारत और अमेरिका के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर बातचीत जारी है और दोनों देश इस समझौते को 9 जुलाई से पहले अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। सूत्रों के हवाले से सोमवार को यह जानकारी दी गई। अमेरिका ने 2 अप्रैल को भारत से आने वाले सामानों पर 26 फीसदी अतिरिक्त कर (टैरिफ) लगाने का एलान किया था, लेकिन ट्रंप प्रशासन ने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया था। हालांकि, 10 फीसदी का मूल टैक्स अभी भी लागू है। भारत चाहता है कि उसे इस 26 फीसदी अतिरिक्त कर से पूरी तरह छूट मिल जाए। जब पूछा गया कि क्या भारत और अमेरिका 9 जुलाई तक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देना चाहते हैं, तो सूत्रों ने कहा, हम बहुत उत्सुक हैं। हम बातचीत कर रहे हैं और कोशिश कर रहे हैं। दोनों पक्ष कोशिश कर रहे हैं, लेकिन समझौता तभी होगा, जब दोनों पक्ष संतुष्ट हों। उन्होंने आगे कहा, हर व्यापार समझौते में कुछ क्षेत्र ऐसे होते हैं जिनमें समस्याएं होती हैं। एक सूत्र ने बताया, भारत के लिए कृषि और डेयरी क्षेत्र सबसे चुनौतीपूर्ण हैं। भारत ने अब तक अपने किसी भी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में डेयरी क्षेत्र को नहीं खोला है। अमेरिका चाहता है

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612















# मोहम्मद सिराज ने हैदराबाद में खोला

## अपना पहला रेस्टोरेंट, फैंस से की ये भावुक अपील







टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने क्रिकेट के मैदान से हटकर एक नई पारी की शुरुआत की है. सिराज ने हैदराबाद शहर के बीचों-बीच अपना पहला रेस्टोरेंट 'Joharfa' लॉन्च किया है. सिराज के नए रेस्टोरेंट में मुग़लई मसालों, फ़ारसी और अरबी पकवानों से लेकर चाइनीज़ डिशेज़ का खास मेल देखने को मिलेगा.टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने क्रिकेट के मैदान से हटकर एक नई पारी की शुरुआत की है. सिराज ने हैदराबाद शहर के बीचों-बीच अपना पहला रेस्टोरेंट 'Joharfa' लॉन्च किया है. सिराज के नए रेस्टोरेंट में मुग़लई मसालों, फ़ारसी और अरबी पकवानों से लेकर चाइनीज़ डिशेज़ का खास मेल देखने को मिलेगा रेस्टोरेंट का मेनू खासतौर पर हैदराबादी स्वाद को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जो हर आयु वर्ग के लोगों को पसंद आएगा.

# IOC ने रोकी 2036 ओलंपिक के मेजबान चुनने की प्रक्रिया












लुसाने में अपनी पहली कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद आईओसी की नई अध्यक्ष कर्स्टी ने कहा, 'आईओसी सदस्यों से भविष्य के मेजबान चुनाव प्रक्रिया की समीक्षा करने और रोक लगाने के लिए भारी समर्थन मिला है और हम इस पर विचार करने के लिए एक कार्य समूह का गठन करेंगे।अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की नई अध्यक्ष कर्स्टी ने गुरुवार को ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिए जारी प्रक्रिया पर रोक लगा दी। इससे भारत की मेजबानी के लिए लगाई बोली पर फैसला आने में समय लग सकता है। कर्स्टी ने भावी मेजबान की पहचान के उचित समय का पता लगाने के लिए कार्य समूह (समिति) का गठन किया है।आईओसी की पहली महिला और पहली अफ्रीकी अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद एक ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व ओलंपिक चैंपियन तैराक कर्स्टी ने कहा कि सदस्यों के बीच प्रक्रिया का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए आम सहमति है। लुसाने में अपनी पहली कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद कर्स्टी ने कहा, 'आईओसी सदस्यों से भविष्य के मेजबान चुनाव प्रक्रिया की समीक्षा करने और रोक लगाने के लिए भारी समर्थन मिला है और हम इस पर विचार करने के लिए एक कार्य समूह का गठन करेंगे। (ऐसा) दो मुख्य कारणों से हुआ है। सबसे पहले, सदस्य इस प्रक्रिया में अधिक से अधिक शामिल होना चाहते हैं और दूसरा, इस बात पर काफी चर्चा हुई कि अगला मेजबान कब चुना जाना चाहिए।'भावी मेजबान का चुनाव करने का उचित समय कब है'

# PV Sindhu: इन दो चीजों पर काम कर रही हैं पीवी सिंधु



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के लिए यह साल आदर्श नहीं रहा है क्योंकि वह इसमें चार बार पहले दौर से बाहर हो चुकी हैं, जबकि तीन बार दूसरे दौर में हार का सामना कर चुकी हैं।भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का कहना है कि

महिला एकल बैडमिंटन में आक्रामक रैलियों की जगह अब कोर्ट पर ताकत की परीक्षा होने लगी हैं जिससे वह इस चुनौतीपूर्ण दौर में बदलती लय के साथ तालमेल बिठाने के लिए अपने खेल में बदलाव कर रही हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के लिए यह साल आदर्श नहीं रहा है क्योंकि वह इसमें चार बार पहले दौर से बाहर हो चुकी हैं, जबकि तीन बार दूसरे दौर में हार का सामना कर चुकी हैं। सिंधू बस जनवरी में इंडिया ओपन में क्वार्टर फाइनल में जगह बना सकीं है। सिंधू ने कहा, महिला एकल स्पर्धा पूरी तरह बदल गई है। शुरू में इसमें आक्रामकता और तेज रैलियां होती थीं लेकिन अब लंबी रैलियों से लंबे मैच के कारण खेल रक्षात्मक हो गया है।उन्होंने कहा, हम इस पर काम कर रहे हैं, विशेषकर रैलियों को जारी खने और शटल को कोर्ट में लंबे समय तक बनाए रखने में अधिक संयमित हो गए हैं। हमें खेल के बदलने के साथ हर बार बदलाव करने होते हैं। बतौर खिलाड़ी मैं अपने खेल में बदलाव कर रही हूं, इसमें समय लग सकता है लेकिन हर दफा ऐसा करना महत्वपूर्ण है।उन्होंने कहा, हम इस पर काम कर रहे हैं, विशेषकर रैलियों को जारी खने और शटल को कोर्ट में लंबे समय तक बनाए रखने में अधिक संयमित हो गए हैं। हमें खेल के बदलने के साथ हर बार बदलाव करने होते हैं। बतौर खिलाड़ी मैं अपने खेल में बदलाव कर रही हूं, इसमें समय लग सकता है लेकिन हर दफा ऐसा करना महत्वपूर्ण है।दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के लिए यह साल आदर्श नहीं रहा है क्योंकि वह इसमें चार बार पहले दौर से बाहर हो चुकी हैं, जबकि तीन बार दूसरे दौर में हार का सामना कर चुकी हैं।भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का कहना है कि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के लिए यह साल आदर्श नहीं रहा है क्योंकि वह इसमें चार बार पहले दौर से बाहर हो चुकी हैं,

# ईशा, विदरसा और पार्थ ने मचाया धमाल

## राष्ट्रीय चयन ट्रायल में दर्ज की जीत

तेलंगाना की ईशा ने 25 मीटर पिस्टल महिला टी3 स्पर्धा जीती, केरल की विदरसा विनोद ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टी4 स्पर्धा जबकि महाराष्ट्र के पार्थ राकेश माने ने 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टी4 का खिताब जीता।ओलंपियन और मौजूदा मिश्रित टीम की पिस्टल विश्व चैंपियन ईशा सिंह गुरुवार को ग्रुप ए राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल के तीसरे दिन तीन विजेताओं में शामिल रहीं। तेलंगाना की ईशा ने 25 मीटर पिस्टल महिला टी3 स्पर्धा जीती, केरल की विदरसा विनोद ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टी4 स्पर्धा जबकि महाराष्ट्र के पार्थ राकेश माने ने 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टी4 का खिताब जीता।ईशा ने फाइनल में महाराष्ट्र की अभिदन्या अशोक पाटिल को हराया जिन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। तमिलनाडु की निवेदिता नायर तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टी4 में दो बार के ओलंपियन और थ्री पी विशेषज्ञ ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर 0.3 अंक से पार्थ से पीछे दूसरे स्थान पर रहे, जबकि उमामहेश तीसरे



स्थान पर रहे। महिलाओं के थ्री पी टी4 फाइनल में विदरसा ने पूर्व विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता और दो बार की ओलंपियन अंजुम मौदगिल को 0.3 अंक से पछाड़ दिया। विश्व कप रजत पदक विजेता हरियाणा की निश्चल तीसरे स्थान पर रही।तेलंगाना की ईशा ने 25 मीटर पिस्टल महिला टी3 स्पर्धा जीती, केरल की विदरसा विनोद ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टी4 स्पर्धा जबकि महाराष्ट्र के पार्थ राकेश माने ने 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टी4 का खिताब जीता।ओलंपियन और मौजूदा मिश्रित टीम की पिस्टल विश्व चैंपियन ईशा सिंह गुरुवार को ग्रुप ए राइफल और पिस्टल

# World Police & Fire Games 2029

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इसकी बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'गुजरात के लिए गर्व का क्षण! भारत ने बर्मिंघम, यूएसए में डब्ल्यूपीएफजी फेडरेशन के समक्ष एक व्यापक बोली प्रस्तुति के बाद अहमदाबाद, गांधीनगर और एकता नगर में 2029 विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों (डब्ल्यूपीएफजी) की मेजबानी के लिए बोली जीत ली है। 23वें विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल 2029 की मेजबानी भारत को मिल गई है। इसका आयजोन गुजरात के अहमदाबाद, गांधीनगर और एकता नगर में होगा। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इसकी बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'गुजरात के लिए गर्व का क्षण! भारत ने बर्मिंघम, यूएसए में डब्ल्यूपीएफजी फेडरेशन के समक्ष एक व्यापक बोली प्रस्तुति के बाद अहमदाबाद, गांधीनगर और एकता नगर में 2029 विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों (डब्ल्यूपीएफजी)



की मेजबानी के लिए बोली जीत ली है। यह वैश्विक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व को दर्शाती है और अहमदाबाद को भारत की खेल राजधानी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।'की मेजबानी के लिए बोली जीत ली है। यह वैश्विक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व को दर्शाती है और अहमदाबाद को भारत की खेल राजधानी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।'गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इसकी बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा,